प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 16.09.2025 (दोपहर – 1455 बजे)

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार एम्स के स्थापना दिवस समारोह में भाग लेने देवघर पहुंचे। देवघर एयरपोर्ट पर डीआईजी अंबर लकड़ा, उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग समेत अन्य अधिकारियों ने राज्यपाल का स्वागत किया। इस दौरान राज्यपाल कई मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित भी करेंगे। इससे पहले राज्यपाल ने बाबा मंदिर में पूजा–अर्चना भी की।

****

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने रांची में आयोजित एक समारोह में आज गणित और विज्ञान विषय के 137 स्नातक प्रशिक्षित सहायक आचार्यों और गोड्डा जिले के चयनित 213 इंटरमीडिएट प्रशिक्षित सहायक आचार्यों को नियुक्ति पत्र सौंपा। इस अवसर पर श्री सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार राज्य की शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रयासरत है।

श्री सोरेन आज जिला अधिवक्ता संघ परिसर में बार भवन का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही वे खूंटी के कचहरी मैदान में एक विशाल आमसभा को भी संबोधित करेंगे।

****

जामताड़ा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग की पहल पर आज जिले के गांधी मैदान में रन फॉर विजन का आयोजन किया गया। वहीं जेबीसी प्लस टू विद्यालय परिसर में स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने निशुल्क नेत्र जांच और सर्वाइकल कैंसर उन्मूलन अभियान का शुभारंभ किया। नेत्र चिकित्सक डॉ अशोक चौधरी ने जानकारी दी कि कार्यक्रम के दौरान लोगों को नेत्र सुरक्षा और सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक किया गया।

****

झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू ने आज पाकुड़ में कार्यकर्ताओं के साथ संवाद कर संगठन सृजन अभियान की समीक्षा की। उन्होंने बूथ कमिटी को मजबूत बनाने और मतदाता सूची में सुधार के लिए सक्रिय रहने की अपील की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि झारखंड का पेसा कानून ग्रामसभा और पारंपरिक व्यवस्था को मजबूती देगा।

****

लोहरदगा जिला में सिद्धो–कान्हू कृषि एवं वनोपज जिला सहकारी संघ के बहुउदेश्य सहकारी समितियों के सशक्तिकरण पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन आज लोहरदगा में किया गया। विस्तृत ब्यौरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****

आज विश्व ओज़ोन दिवस है। यह दिवस पृथ्वी पर जीवन की सुरक्षा में ओज़ोन परत की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए समर्पित है।

****

कोडरमा में लगातार बारिश के बाद तिलैया डैम का जलस्तर फिर से बढ़ा गया है और डैम की सुरक्षा के मद्देनजर 4 फाटक खोल कर पानी का डिस्चार्ज किया जा रहा है। इससे प्रति सेकेंड 500 क्यूसेक पानी डिस्चार्ज किया जा रहा है। डैम का फाटक खोले जाने से पहले कोडरमा, हजारीबाग, गिरिडीह, जामताड़ा और धनबाद जिला प्रशासन को अलर्ट भेजा गया और लोगो को डैम और नदी से दूर रहने की सलाह दी गई है।

****

मौसम विभाग ने अगले तीन घंटों के अंदर धनबाद, दुमका, जामताड़ा, लातेहार, पाकुड़, पलामू और सिमडेगा जिलों में हल्के गरज–चमक के साथ बारिश की संभावना जताई है।साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलने वाली हवाओं की चेतावनी के साथ इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने की भी संभावना जताई गई है।

*********** **समाप्त** **********